भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
व्यय विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या – 3223

*सोमवार, 9 अगस्त, 2021/ 18 श्रावण, 1943 (शक)*

**कर्नाटक के लिए संस्वीकृत सहायता अनुदान**

**3223. श्री बी.वाई. राघवेन्द्र:**

**क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या सरकार के पास कर्नाटक की राज्य सरकार के लिए गत तीन वित्तीय वर्षों अर्थात् 2018-19, 2019-20 और 2020-21 के दौरान संस्वीकृत किए गए केन्द्रीय सहायता अनुदान के आंकड़े हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी विभाग/मंत्रालय-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या संबंधित विभाग समय-समय पर उपयोगिता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करते हैं और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या सरकार वर्तमान वित्तीय वर्ष 2021-22 में संस्वीकृत किए गए सहायता अनुदान का विभाग-वार ब्यौरा प्रदान कर सकती है और यदि हों, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)**

(क) से (घ): केन्द्रीय सरकार/वित्त मंत्रालय प्रत्येक स्कीम/कार्यक्रम के लिए विभिन्न मंत्रालयों/विभागों को बजट संबंधी प्रक्रिया के माध्यम से निधियां आबंटित करता है। इसके पश्चात् संबंधित मंत्रालय/विभाग राज्यों के समेकित कोष के माध्यम से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को स्कीम के दिशा-निर्देशों के अनुसार केन्द्रीय सरकार का हिस्सा आबंटित करता है। स्कीम के दिशा-निर्देशों के अनुसरण में प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग द्वारा स्कीमों/कार्यक्रमों के तहत धनराशि जारी की जाती है। राज्य सरकारों को जारी की गई धनराशि कतिपय कारकों पर भी आधारित है जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ उपयोगिता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना, लक्ष्यों की प्राप्ति आदि शामिल है। वित्त आयोग अंतरणों के तहत कर्नाटक राज्य को वर्ष 2021-22 के लिए 6,522 करोड़ रुपए की राशि आबंटित की गई है। वर्ष 2018-19 से 2021-22 तक वित्त मंत्रालय द्वारा कर्नाटक राज्य को जारी की गई धनराशि अनुबंध में दी गई है। वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिए केन्द्रीय व्यय बजट में परिव्ययों का रुझान इस प्रकार है;

(करोड़ रुपए)

| क्र. सं. | स्कीम की श्रेणी | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 (सं.अ.) | 2021-22 (ब.अ.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वित्त आयोग अंतरण | 93,703.58 | 1,23,709.87 | 1,82,352.43 | 2,20,843.00 |
| 1(क) | **कर्नाटक सरकार को जारी की गई राशि** | 4,333.73 | 7,578.19 | 6,246.27 | 2,114.50* |
| 2. | केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमें | 2,96,028.85 | 3,09,552.68 | 3,87,899.80 | 3,81,304.55 |
| 3. | केन्द्रीय क्षेत्र की स्कीमें | 6,38,494.87 | 7,57,091.13 | 12,63,689.81 | 10,51,703.41 |
| 4. | अन्य अंतरण | 88,234.57 | 1,98,706.82 | 1,91,155.29 | 2,08,484.17 |

***वर्ष 2021-22 के लिए आबंटित 6,522 करोड़ रुपए की तुलना में दिनांक 04.08.2021 की स्थिति के अनुसार कर्नाटक राज्य सरकार को जारी की गई धनराशि**

******

दिनांक 09.08.2021 को पूछे गए अतारांकित प्रश्न सं. 3223 के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

**वित्त आयोग द्वारा वर्ष 2018-19 से 2021-22 तक के लिए की गई सिफारिश के अनुसार विभिन्न घटकों के तहत कर्नाटक राज्य सरकार को जारी किया गया सहायता-अनुदान।**

(करोड़ रुपए)

| क्र. सं. | घटक | वर्ष | आबंटित राशि | जारी की गई राशि* |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अंतरण पश्चात् राजस्व घाटा अनुदान | 2021-22 | 1631.00 | 543.67 |
| 2. | राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष | 2021-22 | 791.00 | 316.40 |
| 3. | शहरी स्थानीय निकाय अनुदान | | | |
| 3.क | दस लाख से कम जनसंख्या वाले नगर | 2021-22 | 421.00 | 0.00 |
| 3.ख | दस लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगर | 2021-22 | 750.00 | 150.00 |
| 4. | ग्रामीण स्थानीय निकाय अनुदान | 2021-22 | 2377.00 | 475.40 |
| 5. | स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए स्थानीय निकायों को अनुदान | 2021-22 | 552.00 | 0.00 |
| 6. | राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष | 2021-22 | 0.00 | 629.03 |
| | कुल | | **6522.00** | **2114.50** |

***वर्ष 2021-22 के लिए आबंटित 6,522 करोड़ रुपए की तुलना में दिनांक 04.08.2021 की स्थिति के अनुसार कर्नाटक राज्य सरकार को जारी की गई धनराशि**

| क्र. सं. | घटक | वर्ष | राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष | 2020-21 | 791.00 |
| 2. | शहरी स्थानीय निकाय अनुदान | | |
| 2.क | दस लाख से कम जनसंख्या वाले नगर | 2020-21 | 991.00 |
| 2.ख | दस लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगर | 2020-21 | 558.00 |
| 3. | ग्रामीण स्थानीय निकाय अनुदान | 2020-21 | 3217.00 |
| 4. | राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष | 2020-21 | 689.27 |
| | कुल | | **6246.27** |

| क्र. सं. | घटक | वर्ष | राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष | 2019-20 | 204.00 |
| 2. | शहरी स्थानीय निकाय अनुदान | 2019-20 | 1661.78 |
| 3. | ग्रामीण स्थानीय निकाय अनुदान | 2019-20 | 2504.13 |
| 4. | राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष | 2019-20 | 3208.28 |
| | कुल | | **7578.19** |

| क्र. सं. | घटक | वर्ष | राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष | 2018-19 | 288.00 |
| 2. | शहरी स्थानीय निकाय अनुदान | 2018-19 | 1040.27 |
| 3. | ग्रामीण स्थानीय निकाय अनुदान | 2018-19 | 2045.62 |
| 4. | राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष | 2018-19 | 959.84 |
| | कुल | | **4333.73** |

*******